04 महिलाओं में आक्रोश, दी चेतावनी: शराब ब्रिकी नहीं ...
07 राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न...





## खबर संक्षेप

### जिले में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ पीड़ति व्यक्तियों के प्रति समुदाय में व्याप्त भ्रांतियो एवं भेदभाव को समाप्त करना और जागरूकता लाना है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा इस अभियान के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय एवं ब्लॉक समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष कलेक्टर बालागुरू के. हैं तथा ब्लॉक स्तरीय समितियों का अध्यक्ष संबंधित एसडीएम को बनाया गया है। इसके अलावा अन्य संबंधित अधिकारियों को समिति का सदस्य बनाया गया है।

### विद्यार्थी, शिक्षकों को किया जाएगा सम्मानित

**सीहोर।** प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, बौद्धिक विकास एवं शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित शैक्षिक ओलम्पियाड के जिला स्तरीय परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा घोषित कर दिए गए हैं। घोषित परिणामों के अनुसार प्रत्येक जिले से प्रत्येक विषय एवं प्रत्येक कक्षा से एक प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को जिला विजेता के रूप में चयनित किया गया है। जिला स्तर पर 1 से 20 फरवरी 2026 के बीच सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### इंदौर के भागीरथपुरा जैसा बड़ा खतरा टालने की कोशिशों पर अफसरों ने फेरा पानी

# मातहतों ने नहीं माने कलेक्टर के निर्देश जल सुनवाई के नाम पर औपचारिकता

इंदौर में दूषित पानी के कारण हुई 29 मौतों की हृदय विदारक घटना से सबक लेते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले भर में 'जल सुनवाई' आयोजित करने के दिए थे कड़े निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिले में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही इस कदर बढ़ गई है कि अब वे कलेक्टर के निर्देशों को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। हाल ही में इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई 29 मौतों की हृदय विदारक घटना से सबक लेते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले भर में 'जल सुनवाई' आयोजित करने के कड़े निर्देश दिए थे, लेकिन उनके अधीनस्थ अमले ने इन आदेशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। बता दें बीती 19 जनवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि जिले की चारों विधानसभाओं सीहोर, आष्टा, इछावर और बुदनी में जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष 'जल सुनवाई' आयोजित की जाए।

कलेक्टर की मंशा थी कि पेयजल आपूर्ति, गिरते जलस्तर, खराब हैंडपंप और ठप पड़ी नल-जल योजनाओं से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही निराकरण हो, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

#### अफसरों की लापरवाही, कागजों तक सिमटे आदेश

हैरानी की बात यह है कि कलेक्टर के इन आदेशों के बावजूद जिले में कहीं भी जल सुनवाई का आयोजन नहीं किया गया। जमीनी स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों और संबंधित विभागों ने आपसी समन्वय बनाने के बजाय चुप्पी साध ली।




इंदौर की घटना के बाद जहां प्रशासन को अत्यधिक सतर्क होना चाहिए था, वहीं सीहोर के जिम्मेदार अधिकारी इसे हल्के में ले रहे हैं।

#### पुरानी पाइप लाइनों से मंडरा रहा खतरा

जिले में पेयजल आपूर्ति का बुनियादी ढांचा बेहद पुराना और जर्जर हो चुका है। सीहोर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में दशकों पुरानी पाइप लाइनों के जरिए पानी की सप्लाई की जा रही है। कई जगहों पर सीवरेज और पानी की पाइप लाइनें आपस में मिल जाने या जंग लगने के कारण गंदे और जहरीले पानी की शिकायतें आती रहती हैं।

#### जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़

कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि आमजन की समस्याएं मौके पर सुनकर तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि लोगों को राहत मिले, लेकिन धरातल पर सन्नाटा पसरा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या जिले के आला अधिकारी किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।

#### मुख्यालय पर ही बने हालात

बता दें जिला मुख्यालय पर ही गदें पानी के हालात बन चुके हैं। शहर के कस्बा स्थित वार्ड क्रमांक 30 में नागरिकों ने गंदे पानी की शिकायत की थी। जिस पर मौके पर पहुंचे नगर पालिका के सीएमओ को भी स्थानीय नागरिकों ने नलों से आ रहे गंदे पानी से अवगत कराया था। बावजूद जिले भर में जल सुनवाई को लेकर अनदेखी की जा रही है। पीएचई ईई व जल सुनवाई के नोडल अधिकारी प्रवीण सक्सेना से जब इस संबंध में फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होने फोन रिसिव नहीं किया।

#### अलग से आदेश नहीं है

जनसुनवाई के साथ जल सुनवाई करने के निर्देश मिले है, अलग से जल सुनवाई के लिए कोई शिविर आदि लगाने के आदेश नहीं है। अभी तक जन सुनवाई में पानी की कमी और दूषित पानी की शिकायत नहीं मिली है।

**संजय अग्रवाल,** जनपद सीइओ भैरूंदा

# आबकारी अधिनियम के तहत जब्त 2301 लीटर शराब, लाहन की नष्ट

### 641 प्रकरणो में की थी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा गठित समिति द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत आबकारी विभाग के पंजीबद्ध कुल 641 प्रकरणो मे जब्त की गई कुल 2301 लीटर देशी/विदेशी/ कच्ची मदिरा एवं महुआ लाहन के 488 सेम्पलों का सीहोर स्थित देशी मद्य भाण्डागार प्रांगण में नष्टीकरण किया गया। यह नष्टीकरण की कार्यवाही लोक निर्माण विभाग के रोड रोलर के माध्यम से की गई। नष्ट की गई मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग सात लाख रुपये है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष संयुक्त कलेक्टर जमील खान, जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर, प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक, वर्षा उईके, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुंडल तथा रिया जैन सहित समस्त आबकारी स्टॉफ उपस्थित था।

### दूल्हा बादशाह दरगाह में हुई उर्स आयोजन बैठक

**सीहोर।** हज़रतुल्लाह बादशाह सर्व धर्म हिंदू मुस्लिम एकता दरगाह कमेटी ने सर्व सहमति से राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान को उर्स कमेटी का अध्यक्ष चुना है। दरगाह परिसर में हिंदू मुस्लिम सर्व धर्म कमेटी के अध्यक्ष रिजवान पठान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बाबा साहब की मजार पर दुआ करने के बाद बैठक का प्रारंभ किया गया। जिसमें दूल्हा बादशाह उर्स कमेटी के अध्यक्ष नौशाद खान उपाध्यक्ष सेवा यादव सचिव मुख्तार हाजी अली, भंवरलाल मेवाड़ा अनवर बाबा को कमेटी का पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

# जिले के अमृत सरोवरों और तालाबों का किया जाए मत्स्य पालन के लिए उपयोग: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में संचालित सहकारी गतिविधियों की समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी संस्थाओं के पंजीयन, पुनर्गठन, निष्क्रिय संस्थाओं पर की जा रही कार्रवाई तथा सदस्यों के बैंक खाते खोलने की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा सहकारी समितियां सक्रिय रूप से कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक किसान उनसे जुड़ें। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में पूर्व में 108 बी-पैक्स पंजीकृत थीं, जबकि वर्तमान में 27 नई बी-पैक्स के पंजीयन के साथ इनकी संख्या बढ़कर 135 हो गई है। भारत सरकार की पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना अंतर्गत डाटा माइग्रेशन की प्रक्रिया अभी स्पष्ट न होने तथा एन.एल.पी.एस.वी.पोर्टल पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने के कारण नई पैक्स संस्थाओं के पंजीयन एवं पुनर्गठन की कार्यवाही आगामी निर्देश प्राप्त होने तक स्थगित रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में दुग्ध सहकारी संस्थाओं के गठन पर विचार करते हुए बताया गया कि जिले में गत बैठक के पश्चात 21 दुग्ध सहकारी संस्थाओं का पंजीयन किया जा चुका है। इसके साथ ही आगामी माह में विभिन्न क्षेत्रों में 4 नवीन दुग्ध सहकारी संस्थाओं के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में दुग्ध कलेक्शन में जिले की खराब प्रगति को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. ने घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए दुग्ध संघ के नोडल अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में तत्काल सुधार लाया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध सहकारी संस्थाओं को सक्रिय रूप से क्रियाशील किया जाए, दुग्ध उत्पादक किसानों को संस्थाओं से जोड़ने के लिए संपर्क किया जाए तथा संग्रहण केंद्रों पर आवश्यक संसाधन और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित कर नियमित मॉनिटरिंग करने, किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मत्स्य सहकारी संस्थाओं के संबंध में जानकारी दी गई कि पूर्व बैठक में दो संस्थाओं के पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से एक संस्था को पंजीयन की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शेष संस्था के संबंध में आवश्यक दस्तावेज एवं ग्राम पंचायत स्तर से जानकारी प्राप्त कर आगामी बैठक में कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने अमृत सरोवरों और अन्य तालाबों को भी मत्स्य पालन में उपयोग में लेने को कहा, ताकि स्थानीय स्तर पर मछुआरों को रोजगार उपलब्ध हो सके। बैठक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सीहोर में पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी समितियों के सदस्यों के बैंक खाते खोलने की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि पैक्स समितियों में कुल 10,151 सदस्यों में से 6,543 सदस्यों के खाते खोले जा चुके हैं, जबकि शेष 3,608 सदस्यों के खाते खोले जाना शेष हैं। वहीं मत्स्य सहकारी समितियों में कुल 1,140 सदस्यों में से 286 सदस्यों के खाते खोले जा चुके हैं। शेष सदस्यों के खाते शीघ्र खोलने हेतु विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. कहा कि आज की बैठक में लिए गए सभी निर्णयों के पालन की प्रगति की आगामी बैठक में समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से से कार्य करें और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय, सहकारिता उपायुक्त सुधीर कैथवास, पशुपालन विभाग के आरपी गौतम, मत्स्य विभाग के प्रशांत हर्ष, दुग्ध संघ नोडल अधिकारी कृपाल सिंह डुगारिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में चल रही कथा


# श्रीमद्भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार:पुरोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भागवत कथा सुनने मात्र से श्रद्धालु के मन में प्रभु के प्रति आस्था पैदा होने लगती है। कथा नियमित सुनने वाले श्रद्धालु प्रभु के प्रिय हो जाते हैं। जीवन में सत्य और सद्कर्म का काफी महत्व है। श्रीमद्भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार है। उक्त विचार शहर के छावनी स्थित नगर पालिका के समीपस्थ श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन जगत गुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहे। उन्होंने कहाकि हमारे अज्ञान और अंधकार को दूर करने के लिए भगवान के नाम का जाप जरूरी है। भागवत कथा हमारे अंधकार को दूर कर प्रकाशमय करती है। हम भागवत कथा का श्रवण कर अपने मन को स्वर्ण बनाए। आध्यात्म की



तरफ चलेंगे तो परमात्मा की प्राप्ति होगी। क्योंकि परमात्मा हमारे मन में विराजित है। उन्होंने कहा कि भाग्य वाले ही भागवत कथा का श्रवण कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि गोकर्ण ने भी अपने पिता आत्मदेव को श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उपदेश दिया था। राजा परीक्षित के बारे में विस्तार बताया, राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म, कपिल संवाद का प्रसंग सुनाया। शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वनों में काफी दूर चले गए। उनको प्यास लगी, पास में समीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले ऋषिवर मुझे पानी पिला दो मुझे प्यास लगी है, लेकिन समीक ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि इसने मेरा अपमान किया है मुझे भी इसका अपमान करना चाहिए। उसने पास में से एक मरा हुआ सर्प उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने नदी का जल हाथ में लेकर शाप दे डाला जिसने मेरे पिता का अपमान किया है आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी आएगा और उसे जलाकर भस्म कर देगा। चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि भागवत कथा दोपहर बारह बजे से आरंभ हो जाती है। कथा के आयोजन कर्ताओं ने सभी श्रद्धालुओं से कथा का श्रवण करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक पहल समिति के द्वारा की गई है जिसमें कथा के अंतिम दिवस सर्व जाति सामूहिक विवाह में निशुल्क रूप से 11 जोड़ों का एक साथ विवाह महोत्सव किया जाएगा। इस विवाह में सभी जाति के जोड़ों को शामिल किया जा रहा है।



**खबर संक्षेप**

### 7 फरवरी से 7 मार्च तक होगा गेहूं का पंजीयन

**सीहोर।** गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 फरवरी से दिनांक 7 मार्च तक किया जाएगा। किसान तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र और एमपी किसान एप पर निशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर और साइबर कैफे पर 50 रुपये का अधिकतम शुल्क देकर पंजीयन करा सकते है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में किया जाएगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाते की जानकारी देनी होगी। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त बैंक खाते, फिनो, एयरटेल पेटीएम, एवं नाबालिग बैंक खाता पंजीयन में मान्य नहीं होगें। किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें। वन पट्टाधारी एवं सिकमी काश्तकार को पंजीयन के समय दस्तावेजों के साथ-साथ अनुबंध अथवा पट्टे की प्रति उपलब्ध करानी होगी।

### गांव-गांव और गली-गली में बिक रही अवैध शराब, आबकारी विभाग बेखबर

# महिलाओं में आक्रोश, दी चेतावनी: शराब ब्रिकी नहीं थमी तो करेंगे बड़ा आंदोलन

अवैध शराब के कारण ग्रामीण क्षेत्र का सामाजिक ताना-बाना भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इन हालातों के बीच आवकारी विभाग की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

भैरुंदा तहसील के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब का कारोबार पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। गांव-गांव कच्ची शराब बनाने और बेचने के अड्डे खुलेआम संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही देशी और अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री भी धड़ल्ले से जारी है। खेतों, सुनसान इलाकों और चौक-चौराहों पर शराब का निर्माण और बिक्री हो रही है, जिससे न केवल कानून-व्यवस्था को चुनौती मिल रही है, बल्कि गांवों का सामाजिक ताना-बाना भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इन हालातों के बीच आवकारी विभाग की निषक्रियता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, जहां-जहां से सूचना मिल रही है, वहां पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए शराब जब्ती की जा रही है और आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। साथ ही स्कूलों और गांवों में नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

इसके बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि आवकारी विभाग "कुंभकरणी नींद" में सोया हुआ है। बार-बार शिकायतें और ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी ठोस और स्थायी कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिससे शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। स्थिति से त्रस्त होकर अब महिलाएं और ग्रामीण स्वयं मोर्चा संभालने को मजबूर हो गए हैं। लगातार अलग-अलग गांवों से महिलाएं और ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम और एसडीओपी को ज्ञापन सौंप रहे हैं। ज्ञापनों में चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम जैसे कदम उठाए जाएंगे। महिलाओं का कहना है कि अवैध शराब के कारण गांवों में अपराध बढ़ रहे हैं और महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। नशे के चलते घरेलू विवाद, मारपीट और गाली-गलौज की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे भय का माहौल बना हुआ है।

#### शराब की ब्रिकी बंद कराने विधायक को ज्ञापन, फिर भी कारोबार जारी

विशेष सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत छिदगांव काछी के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव को भी अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा था। यह ज्ञापन उस समय दिया गया, जब विधायक नगर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में शामिल होकर चीच-नीलकंठ से गांव के रास्ते गुजर रहे थे। उनके साथ युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान भी मौजूद थे। बावजूद इसके, गांव में कच्ची, देशी और अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री बदस्तूर जारी है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

#### तिलाड़िया में बच्चियां भी असुरक्षित

तिलाड़िया गांव की महिलाओं ने थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर बताया कि शराब की आसान उपलब्धता के कारण आए दिन झगड़े हो रहे हैं। नशे में धुत लोग महिलाओं और बच्चों से अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि स्कूल जाने वाली बच्चियां भी डर के साए में जी रही हैं और कई नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पा रही हैं।

#### सुकरबास से उठा विरोध का तेज स्वर

गोपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुकरबास के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने एसडीएम सुधीर कुशवाह और एसडीओपी रोशन कुमार जैन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का दावा है कि गांव में लगभग 50 स्थानों पर कच्ची शराब का निर्माण और पांच स्थानों पर देशी-अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री हो रही है। पूर्व में भी शिकायतें की गईं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले, जिससे शराब माफियाओं के हौसले और बढ़ गए।

#### प्रशासन का आश्वासन

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि संबंधित विभागों और थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और सूचना मिलते ही कार्रवाई की जा रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली बच्चों और महिलाओं को जागरूक करने के प्रयास भी जारी हैं।

## तजपुरा हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

नर्मदा जयंती के अवसर पर रविवार को सतराना एवं हाथीघाट मंडल के संयुक्त तत्वावधान में तजपुरा में आयोजित भव्य हिन्दू सम्मेलन में जनसैलाब उमड़ पड़ा। दोनों मंडलों के अंतर्गत आने वाले करीब 15 गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और धर्मप्रेमी सम्मेलन में शामिल हुए।

पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना का वातावरण देखने को मिला।सम्मेलन के दौरान भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ग्राम दर्शन और अयोध्या झांकी रही, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। ग्राम दर्शन में भारत की ग्रामीण जीवनशैली, आत्मनिर्भरता, परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत को सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया। विशेष रूप से दो सजी-धजी बैलगाड़ियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन पर अतिथियों को बैठाकर गांव में भ्रमण कराया गया। इसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।वहीं अयोध्या झांकी में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या की भव्य झलक प्रस्तुत की गई। झांकी की सजीव कलाकारी, धार्मिक प्रतीक और भावनात्मक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने झांकी के समक्ष दर्शन कर अपनी आस्था प्रकट की और आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।सम्मेलन के अवसर पर पूरे गांव को उत्सव की तरह सजाया गया। ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों के सामने गोबर से रंग-रोगन, रंगोली, फूलों और आम के पत्तों से तोरण द्वार सजाए, जिससे पूरा गांव दिवाली जैसा नजारा पेश कर रहा था।कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जो श्रीराम-जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। ढोल-डीजे की गूंज, हाथों में भगवा पताकाएं और जयघोष के बीच मातृशक्ति एवं युवा पुरुष हजारों की संख्या में शामिल हुए।विश्व हिन्दू परिषद की दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा आत्मरक्षा और नारी शक्ति के संदेश के साथ अस्त्र-शस्त्र संचालन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।मंच पर मातृशक्ति सीमा बल की सुरक्षा आरक्षक संध्या पंवार, संत महेंद्र व्यास तथा मुख्य वक्ता ब्रजकिशोर भार्गव (प्रांत ग्राम विकास प्रमुख, मध्यभारत प्रांत) उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता ब्रजकिशोर भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की सीमाएं देव निर्मित हैं, इसलिए इसे देवभूमि कहा जाता है। विश्व में केवल हिन्दू ही पृथ्वी को माता मानता है, इसी भाव से 'भारत माता की जय' का उद्घोष करता है।उन्होंने समरसता का संदेश देते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के झूठे बेर खाए, उसी प्रकार समाज में सभी के साथ समान व्यवहार और भाईचारे की भावना रखनी चाहिए। स्व का बोध कराते हुए उन्होंने भजन, भोजन, भाषण और भूषा में स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में ग्राम-ग्राम, बस्ती-बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित कर रहा है, ताकि पुरातन संस्कृति और संस्कार पद्धति का पुनर्जागरण हो सके।उन्होंने मातृशक्ति से आह्वान किया कि वे अपने घर के पुरुषों को संघ की दैनिक शाखाओं से जोड़ें। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

### मां बगलामुखी की मनमोहक प्रस्तुति ने जीता मंच, नवीन बालक हाईस्कूल प्रथम



**भैरुंदा।** 77वां गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर परिषद भैरुंदा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय नवीन बालक हाईस्कूल भैरुंदा की बालिका, छात्राओं ने अद्भुत एवं भावपूर्ण प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न विद्यालयों ने सहभागिता की, लेकिन नवीन बालक हाईस्कूल की प्रस्तुति दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही।छात्राओं ने दश महाविद्याओं में से आठवीं महाविद्या मां बगलामुखी शक्ति पीठ नलखेड़ा का प्रभावशाली मंचन किया। प्रस्तुति में हवन, गणपति, भैरव, महावीर हनुमान सहित बकासुर की जिह्वा खींचते हुए राजराजेश्वरी मां बगलामुखी को बग्गी पर सवार स्वरूप में जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया गया। मनमोहक नृत्य और भाव-भंगिमाओं ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य चित्रलेखा पचौरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस उपलब्धि का श्रेय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, प्राचार्य एवं विद्यालय की ऊर्जावान टीम को दिया गया।

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कलेक्टर ने मेवाड़ा को किया सम्मानित



**भैरुंदा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रशासन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वालों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।समारोह के दौरान मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भैरुंदा में पदस्थ क्षेत्र सहायक महेंद्र सिंह मेवाड़ा को उनके कर्तव्यनिष्ठ कार्य, अनुशासन एवं जिम्मेदार सेवाओं के लिए जिला कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेवाड़ा को सम्मान मिलने पर विभागीय अधिकारियों एवं सहयोगियों ने उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नपा अध्यक्ष ने सांस्कृतिक व खेलकूद विजेताओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने शासकीय प्राथमिक शाला नदी पार हाथीघाट में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों एवं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय और बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय भले ही शासकीय है, लेकिन व्यवस्थाओं और अनुशासन में किसी निजी विद्यालय से कम नहीं लगता। विद्यालय का अलग ड्रेस कोड बच्चों को और भी आकर्षक बनाता है। कार्यक्रम के दौरान नपा अध्यक्ष ने बच्चों से संवाद किया और उनके ज्ञान का आकलन किया। कक्षा एक के छात्र हर्ष ने 10 का पहाड़ा सुनाया, वहीं आरव कुशवाह ने एबीसीडी सुनाकर सभी को प्रभावित किया। बच्चों की प्रस्तुति पर अध्यक्ष ने उनकी खुलकर प्रशंसा की।अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया और अभिभावकों से शासकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में रूपसिंह मीणा, ओमप्रकाश मीणा, उपसरपंच रामस्वरूप कुशवाह, एसएमसी अध्यक्ष सुमेर सिंह पंवार, मोहन पंवार, रामकृष्ण कुशवाह, गणेश कुशवाह सहित समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा लगकर रहेगी: दामोदर सिंह यादव



**बुधनी।** ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर दलित पिछड़ा समाज संगठन द्वारा निकाली गई संकल्प रैली 27 जनवरी को दीक्षाभूमि नागपुर से प्रारंभ होकर मुलताई, बैतूल, इटारसी,नर्मदा पुरम होते हुए बुधनी पहुंची। रैली का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य बहुजन नेता दामोदर सिंह यादव ने किया बुधनी में तहसील कार्यालय के पास जिला अध्यक्ष विजय वर्मा के नेतृत्व में भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ रैली का भव्य स्वागत किया गया स्वागत कार्यक्रम आमसभा में तब्दील हो गया सभा को संबोधित करते हुए दामोदर सिंह यादव ने कहा कि ग्वालियर में बाबा साहब की प्रतिमा लगाकर रहेंगे उन्होंने तालपुरा में रेलवे अधिग्रहण के दौरान दलित-आदिवासियों की बेदखली पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामला मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने की बात कही कार्यक्रम में सैकड़ों बहुजन समाज के लोग उपस्थित रहे इसके साथ ही तहसील अध्यक्ष बृजेश बकोरिया,रेहटी तहसील अध्यक्ष धर्म सिंह गोयल,गोविंद सिंह कुशवाहा, कल्पेश चौहान,दीपक,अजय मेहरा,विजय मेहरा,सौरभ यादव, अनिल पवार,मुकेश धनवारे,सोमेश पवार, सुरेंद्र लुटारे शहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स: कबड्डी में नर्मदापुरम पिट्टू में भोपाल संभाग के कोच किए नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत कबड्डी (नर्मदापुरम संभाग) एवं पिट्टू खेल (भोपाल संभाग) के लिए कोच नियुक्ति व खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूर्ण हुई।

इसी क्रम में सांदीपनि विद्यालय भैरुंदा में पदस्थ युवा खेल प्रशिक्षक रोहित यादव को खेलो एमपी यूथ गेम्स का कोच नियुक्त किया गया है।रोहित यादव राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी रह चुके हैं। वे पूर्व में भी अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के माध्यम से नगर भैरुंदा का नाम प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं नगर के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।

विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने रोहित यादव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सीहोर जिला कबड्डी सचिव लक्ष्मीनारायण वैष्णव, स्पोर्ट्स ऑफिसर सचिन त्रिवेदी, सुजाता मैम, अंकिता, योगेश पंवार, राम पंवार, आशुतोष अग्रवाल, मस्तान कीर, ब्रजेश यादव, दीपक यादव एवं लोकेश पंवार सहित अनेक खेल प्रेमियों ने बधाई संदेश प्रेषित किए।

खेल प्रेमियों का मानना है कि रोहित यादव के मार्गदर्शन में चयनित खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र व जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

### निम्नागांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस, हुए कई कार्यक्रम आयोजित

# देशभक्ति से सराबोर हुआ पूरा गांव, निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

ग्राम पंचायत निम्नागांव में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। पूरे गाँव में सुबह से ही राष्ट्रीय उत्सव को लेकर उत्साह देखा गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला ने ग्रामीणों के मन में देशप्रेम की भावना को और प्रगाढ़ किया। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी से हुई। प्रभात फेरी ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति के नारे लगाए और राष्ट्रीय गीतों का गायन किया। इससे पूरे गाँव में देशभक्ति का माहौल बन गया।इसके पश्चात शासकीय स्कूल निम्नागांव में स्कूली बच्चों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

बच्चों ने पूरे अनुशासन और गर्व के साथ राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद ग्राम पंचायत भवन में सरपंच शिवनारायण बांकरिया ने ध्वजारोहण कर समारोह को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया।मुख्य कार्यक्रम का



आयोजन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्नागांव परिसर में किया गया। यहाँ सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं सामूहिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में देश के प्रति समर्पण, बलिदान और एकता का संदेश स्पष्ट रूप से झलकता रहा।इस अवसर पर सरपंच शिवनारायण बांकरिया ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दिन हमें अपने संविधान और कर्तव्यों की याद दिलाता है।

उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए 'शिक्षित बनो, संगठित रहो' का संदेश दिया और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। साथ ही परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक यादव द्वारा किया गया, जिन्होंने मंच संचालन को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखा।समारोह में ग्रामीणजन, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। यह आयोजन पूरे गाँव में देशभक्ति, एकता और उत्साह का संचार करने वाला सिद्ध हुआ।

### सेवा को मिला सम्मान, मीसाबंदी में जेल में रहे सेठ अनोखीलाल के पुत्र को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**इछावर।** आपातकाल के दौरान नगर के तात्कालिक प्रतिष्ठित सेठ एवं भारतीय जनसंघ पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे अनोखीलाल राठी को हवालात में डाल दिया गया था। देश में 25 जून वर्ष 1975 से 21 मार्च 1977 तक लगे मीसाबंदी में राठी 19 माह तक लगातार जेल में बंद रहे। उन्हें 21 मार्च को रिहा किया गया था। इसी के चलते पिछले दिन पुलिस लाइन सीहोर में 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय अनोखीलाल के पुत्र अरूण कुमार एवं अनिल कुमार राठी को कलेक्टर के. बालागुरू ने ताम्रपत्र भेंटकर सम्मानित किया। राठी बंधुओं को सम्मानित करने पर परिजनों ने शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### फर्जी नामांतरण और पटवारी की एकतरफा रिपोर्ट के दम पर रास्ते पर किया जा रहा कब्जा

# राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न पूर्व मंत्री के परिजन न्याय के लिए परेशान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा



नगर के सुठालिया चैराहे के समीप स्थित सार्वजनिक रास्ते पर फर्जी नामांतरण और प्रशासनिक मिलीभगत से तैयार की गई एकतरफा जांच रिपोर्ट के आधार पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर चहेते लोगों को अवैध रूप से जमीन का स्वामित्व दिलाया गया, जिसमें राजस्व विभाग के पटवारी रणवीर सिंह झाला और श्रीनाथ पालीवाल की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। इस पूरे प्रकरण में चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ित पक्ष कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव के परिजन हैं, जो पिछले लंबे समय से न्याय की आस में सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। परिजनों का कहना है कि संबंधित जमीन वर्षों से सार्वजनिक उपयोग में रही है और उस पर कभी किसी का निजी स्वामित्व नहीं रहा, बावजूद इसके रिकॉर्ड में हेरफेर कर फर्जी नामांतरण कर दिया गया और उस पर अब दिन-रात कंन्सट्रक्शन का काम चल रहा है।

**यह है पूरा मामला**

*ब्यावरा के सुठालिया वायपास चैराहे के पास कमला बाई पत्नि बनेसिंह एवं बनेसिंह पिता वीरमसिंह ने अलग - अलग समय में 2 प्लॉट मेन रोड पर लिए। दोनों मकानों के बीच से 15 वाय 45 का रास्ता था जिससे पीछे लग रही जमीनों व मकानों तक लोगों का आना जाना होता था। इन्हीं प्लॉटों के पीछे राजेश यादव की भी जमीन थी जो कि पूर्व मंत्री के पुत्र हैं। सभी कुछ सामान्य चल रहा था और रास्तें को लेकर कोई परेशानी किसी को नहीं थी परंतु जैसे ही जमीन की मूल मालकिन भगवती बाई 2022 में मौत हुई तभी से बनेसिंह और कमलाबाई ने मिलकर बीच में से निकल रहा रास्तें को बंद करने व अपने अधिपत्य में लेने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। जिस पर राजेश यादव सहित भगवती बाई के परिजनों ने आपत्ति भी जताई। जिस भगवती बाई के परिजनों को एसडीएम कोर्ट से स्टे ऑर्डर भी मिला था। इसके बाद भी पटवारियों ने हेराफेरी कर मामले को सुलझाने की जगह उलझा दियां। यह मामला न सिर्फ राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रभाव और साठगांठ के दम पर किस तरह सार्वजनिक संपत्ति को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक आंखें मूंदे रहता है या फिर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है।*

### बिना रजिस्ट्री के हो गया रास्ते की भूमि का नामांतरण

यदि फरियादी पक्ष की माने तो एक ही जमीन दिखाकर पटवारी ने दो बार नामांतरण कर दिए गए जबकि विवादित रास्ते की कोई रजिस्ट्री नहीं की गई है वह सार्वजनिक है जिस पर भी रणवीर सिंह झाला पटवारी ने कागज प्रमाणित किए वगैर फर्जी नामांतरण कर दिया और उससे भी बुरा हाल श्रीनाथ पालीवाल पटवारी ने किया जिन्होने मात्र 3 विंदुओं पर अपनी जांच रिपोर्ट देकर मामले को एकपक्षीय करने में मदद की। इसके बारे में पीडितों को नहीं बताया गया। जब पीडित अपनी शिकायत लेकर एसडीएम के पास गए तो उन्हें अपील करने की सलाह दे डाली। मतलब जब तक सबंधित मकान बनकर तैयार हो जावेगा और अवैध कब्जा के साथ सार्वजनिक रास्ता खत्म हो जाएगा।

### उठ रहे हैं गंभीर सवाल

- न पीड़ित को सूचना न वकील को बताया और एसडीएम ने जारी कर दिया स्थगन आदेश
- सार्वजनिक रास्ते का नामांतरण किस नियम के तहत किया गया?
- बिना स्थल सत्यापन कैसे तैयार हुई एकतरफा रिपोर्ट?
- दबंगों को संरक्षण देने में किन अधिकारियों की भूमिका?
- क्या पूर्व मंत्री के परिजन होने के बावजूद नहीं मिल रहा न्याय?

### इनका कहना है-

यदि एक ही जमीन को लेकर दो डायवर्सन हुए हैं तो मैं दिखवा लेता हूं।

**गोविंद दुबे**,एसडीएम ब्यावरा

## मावठे की बारिश से फिर बदला मौसम का मिजाज



**क्षेत्र में सुबह 11 बजे तक छाया रहा कोहरा, पारा 9.5 डिग्री**

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़।

जिले के विभिन्न अंचलों में मंगलवार को गिरा मावठा जहां फसलों के लिए वरदान साबित हुआ है वहीं इस बारिश ने एक बार फिर से आबोहवा में हल्की ठिठुरन बढ़ा दी है। क्षेत्र में कल बुधवार सुबह 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा वहीं हल्की शीतलहर के चलते लोग दिन में ही अलाव से हाथ सेकते नजर आए। हालांकि, बुधवार को जिले का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री रिकार्ड किया गया लेकिन दिन भर चली सर्द हवाओं के चलते लोग दिन में भी गर्म कपड़े ओढ़-पहनकर अपने को ठंड से बचाते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिन तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा वहीं मावठे की बारिश फिर होने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

### धनिए और मसूर की फसलों को ओलों से नुकसान

मावठे की यह बारिश जहां गेहूं, धनिए, मसूर जैसी फसलों के लिए फायदेमंद बताई जा रही है वहीं कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि के चलते फसलें खराब भी हुई हैं। भोजपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर ओले गिरने के उपरान्त संबंधित क्षेत्रों के किसानों ने प्रभावित फसलों के सर्वे की मांग उठाई है।

### बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| तारीख | तापमान |
|---|---|
| 28 जनवरी | 9.5 |
| 27 जनवरी | 11.6 |
| 26 जनवरी | 6.6 |
| 25 जनवरी | 6.5 |
| 24 जनवरी | 7.4 |
| 23 जनवरी | 13.5 |
| 22 जनवरी | 9.2 |

### हर माह समय पर वेतन सहित 7 सूत्रीय मांग का निराकरण न होने पर उठाया कदम

## स्वच्छताकर्मी लामबंद, राजगढ़ के सभी 15 वार्डों में नहीं होगी सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

कलेक्टर दर एवं समय पर वेतन न मिलने सहित अन्य सात सूत्रीय मांगों को लेकर राजगढ़ नगर पालिका से संबद्ध सभी सफाईकर्मी बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं।

इस हड़ताल के संबंध में सफाईकर्मियों द्वारा दो दिन पूर्व मंगलवार को ही नगर पालिका सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी मंशा से अवगत करा दिया गया। मांगों के संबंध में नगर पालिका और प्रशासन की तरह से कोई स्पष्ट जवाब न मिलने पर करीब 150 से अधिक स्वच्छताकर्मियों ने यह कदम उठाया है।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वीरू कछवाय एवं राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट ने बताया कि गुरुवार से राजगढ़ नगर के किसी भी वार्ड में साफ-सफाई नहीं की जाएगी।

नगर पालिका प्रबंधन और प्रशासन हमारी बुनियादी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है तो हम आखिर कब तक आश्वासनों के आगे झुकते रहेंगे।

### विधायक के आश्वासन पर टली थी हड़ताल

उल्लेखनीय है नगर के सफाईकर्मियों द्वारा आज से प्रस्तावित यह हड़ताल करीब 20 दिन पूर्व उस समय की जा रही थी जब उनका तीन माह का वेतन उन्हें नहीं दिया गया था। बाद में क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि एक हफ्ते में सभी सफाईकर्मियों की दो महीनों की इकट्ठी तनख्वाह खातों में जमा करवा दी जाएगी। विधायक श्री यादव के आश्वासन के बाद भी सिर्फ एक ही महीने की तनख्वाह कर्मचारियों के खाते में डाली गई। ऐसे में कई तरह की आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे स्वच्छताकर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का कदम उठाया है।

### हर माह कलेक्टर दर पर मिले हमें वेतन

हर माह की प्रत्येक 10 तारीख के पूर्व वेतन मिलने की मांग के साथ ही सफाईकर्मियों की प्रमुख मांग यह भी है कि उन्हें कलेक्टर दर पर मानदेय का भुगतान किया जाए। सफाईकर्मियों की उक्त दो प्रमुख मांगों के साथ ही अन्य मांगे भी हैं जिनमें हर वर्ष निर्धारित डेस एवं स्वच्छता से जुड़ी सामग्री प्रदाय, हालिया नियुक्त इंसपेक्टर (दरोगा) के स्थान पर मोहन बारवासिया को उक्त जिम्मेदारी सौंपना एवं सभी सफाईकर्मियों एवं संविदाकर्मियों की सीएल(केज्यूलिटी लीव) जो कुछ सालों से निकाय द्वारा नहीं दी जा रही है, उसे बहाल करना शामिल है।

### इस बार आश्वासन से नहीं मानेंगे हम

स्वच्छताकर्मी संगठन ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट ने बताया कि हर बार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी हमें आश्वासन देकर मना लिया करते हैं। हम भी नगर हित को देखते हुए अपने फैंसले बदल लेते हैं लेकिन अब हम खोखले आश्वासनों को नहीं मानेंगे।

## एससी और एसटी के विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपकर उठाई मांगें

**राजगढ़।** जिले के विभिन्न स्कूलों में गणतंत्र दिवस पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान एवं दलित वर्ग के साथ हुई विभिन्न घटनाओं के विरोध में एससी, एसटी के विद्यार्थियों ने बुधवार दोपहर कलेक्टर एवं एसपी दफ्तर पहुंचकर अपनी मांगों के ज्ञापन सौपे। जिलाधीश के नाम सौंपे गए ज्ञापन में गणतंत्र दिवस पर पीपल्या रसोड़ा, झूमका, गोरियाखेड़ी के स्कूलों में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण न किया जाना, भूमरिया-पपड़ेल में राधेश्याम बैरवा के साथ हुई कथित अभद्रता का भी उल्लेख किया गया। इसके साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग डीईओ पर मनमानी के आरोप विद्यार्थियों ने लगाए हैं। पुलिस एवं प्रशासन से सभी मांगों के संबंध में आगामी 7 दिवस में यथोचित कार्यवाही मांग रखी गई।

## हिंदू सम्मेलन के तहत चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭खिलचीपुर।

खिलचीपुर में बुधवार को हिंदू सम्मेलन के तहत भव्य चल समारोह निकाला गया। सुबह 11 बजे झालावाड़ नाके के पास स्थित लालदास मंदिर से शुरू हुए इस समारोह में एक हजार से अधिक लोग शामिल हुए। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और युवतियों ने भगवा वस्त्र व पगड़ी पहनकर सहभागिता की।

चल समारोह में डीजे के साथ बजरंग अखाड़ा सबसे आगे था, जहां युवाओं ने शारीरिक संतुलन और साहस के करतब दिखाए। उनके पीछे हिंदू वीरांगना वाहिनी की युवतियों और बालिकाओं ने लाठियों के साथ तलवारबाजी और लाठी के प्रदर्शन किए, जो



दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर अनुशासित ढंग से चल रही थीं, जो आयोजन की धार्मिक गरिमा को दर्शा रहा था। घोड़ों पर सवार महिलाओं ने झांसी की रानी का रूप धारण किया था। जबकि एक बच्चे ने शिवाजी महाराज और एक युवती ने रानी दुर्गावती का किरदार निभाया, जो लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

### मां भगवती से यज्ञ की निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की गई

## माता बिजासन की पूजा, पंचम महायज्ञ के लिए इंद्र ध्वज पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

**सारंगपुर।** भैंसवा माताजी में बुधवार को चैत्र नवरात्रि में माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में आयोजित होने वाले पंचम 108 कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ की सफलता एवं लोककल्याण की मंगलकामना के लिए विधिवत माता बिजासन की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर जगतजननी मां भगवती से यज्ञ की निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की गई तथा ग्राम में विराजित समस्त देवी-देवताओं का आव्हान किया। ग्राम पटेल भागीरथ प्रसाद नागर ने देवी देवताओं का पूजन परंपरागत तरीके से किया। माता बिजासन की पूजा-अर्चना उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार से यज्ञाचार्य पं इंद्रजीत पाराशर, ग्रामाचार्य ओम प्रकाश पाठक,पंडित अनिल व्यास द्वारा इंद्र देव का आव्हान किया।

## कृषि वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में विकासखंडों में कृषि रथों का संचालन किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे-पशुपालन, उघानिकी, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार गुना के समस्त विकासखण्डो में कृषि रथ चलाये जा रहे हैं।

इसी क्रम में खुटियावद, जमरा तथा गाजीपुर के ग्रामों में कृषि रथ में उपस्थित दल द्वारा कृषकों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा इससे होने वाले लाभों से कृषकों को अवगत कराया गया, साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादो के प्रयोग के लिये कृषकों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वाईल हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित किये गये। कृषकों को नरवाई न जलाने के संबंध में जानकारी दी तथा नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से कृषकों को अवगत कराया गया।

### तेलंगाना से भटके मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को समाजसेवी ने दिलाया सहारा

गुना। गणतंत्र दिवस की रात मुकेश गोयल द्वारा एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के भटके होने की सूचना समाजसेवी प्रमोद भार्गव को दी गई। सूचना मिलते ही प्रमोद भार्गव तत्काल रात मे मौके पर पहुंचे और सबसे पहले उस व्यक्ति को भोजन



कराया।इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम आतिश मालपानी माहेश्वरी बताया। वह तेलंगाना राज्य के करीमपुरा का निवासी है। उसने बताया कि उसके तीन भाई और एक बहन हैं तथा वह लगभग दो वर्षों से घर से भटका हुआ है।उपचार के पश्चात उसे अपना घर आश्रम, शिवपुरी में भर्ती करा दिया गया है। जब तक उसके परिजनों का पता नहीं चल जाता, तब तक उसकी देखभाल और इलाज अपना घर आश्रम में किया जाएगा। परिजनों की तलाश कर उसे शीघ्र घर पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। समाजसेवी प्रमोद भार्गव निरंतर निराश्रित एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों की सेवा में सक्रिय रहते हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन देने का कार्य कर रहे हैं।

### निशुल्क पशु चिकित्सा व एंटी-रेबीज शिविर 31 को

**गुना।** उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा हाट रोड स्थित जिला पशु चिकित्सालय, गुना में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 31 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा।

### संचालनालय खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

## गुना बालिका वर्ग ने दमोह को तो बालक ने रतलाम को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

संचालनालय खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में गुना बालिका वर्ग ने दमोह को 4-0 से हराकर पहले मैच में जीत दर्ज कराई।

वहीं बालक वर्ग में रतलाम को 8-0 से हराकर अपनी जीत दर्ज कराई बालिका टीम के कोच के रूप में सुनीता कंवर हॉकी प्रशिक्षक एवं बालक टीम के साथ शरद शर्मा प्रशिक्षक के रूप में सम्मिलित हुए हैं इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे ने बालक एवं बालिका हॉकी टीम को बधाई दी।इंदौर में आयोजित खेलो एमपी राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में गुना बालक वर्ग में पहला मैच जीता जिसके प्रशिक्षक राजा परिहार, आर्यन शर्मा हैं।खिलाड़ियों की जीत पर संभागीय खेल और युवक कल्याण अधिकारी शर्मिला डाबर जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुंबा, मनोज शर्मा, दुर्गेश सक्सेना, गोविंद सेन, हर्षित यादव, जय





कुमार कुशवाहा, शुभम गॉड सहित सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी। खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में गुना बालिका वर्ग ने दमोह को 4-0 से हराकर पहले मैच में जीत दर्ज कराई। वहीं बालक वर्ग में रतलाम को 8-0 से हराकर अपनी जीत दर्ज कराई। बालिका टीम के कोच के रूप में सुनीता कंवर हॉकी प्रशिक्षक एवं बालक टीम के साथ शरद शर्मा प्रशिक्षक के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे नेबालक एवं बालिका हॉकी टीम को बधाई दी। इंदौर में आयोजित खेलो एमपी राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में गुना बालक वर्ग में पहला मैच जीता जिसके प्रशिक्षक राजा परिहार, आर्यन शर्मा हैं।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा मद्य निषेध संकल्प दिवस

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मद्यपान तथा मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति की रोकथाम करना
और इनसे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति युवाओं और समाज को जागरूक करना है। इस अवसर पर स्कूल, कॉलेज, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं में सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सभाएं आयोजित की जाएंगी और नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जाएगा। मद्य निषेध संकल्प दिवस पर मादक पदार्थों तथा मदिरा पान त्यागने के लिए युवाओं एवं आमजनों को संकल्प दिलाया जाएगा।

### जागरुकता के लिए व्याख्यान आयोजित

**सीहोर।** समाज में व्याप्त कुप्रथा बाल विवाह के दुष्परिणामों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में विशेष परिचर्चा एवं व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रोहिताश्व शर्मा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह समझ में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बने और बाल विवाह उन्मूलन हेतु अपने परिवार एवं समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए सभी को प्रेरित करें।

### विधायक कार्यालय की जनसुनवाई में नागरिकों ने बताई अपनी समस्या

# विधायक ने समस्याएं सुनकर अधिकारियों को जल्द निराकरण करने के दिए निर्देश

नागरिक जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी पीड़ा से विधायक को बताई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधायक कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में बुधवार को वार्ड क्र 01 के रहवासी गंगाराम सांवरिया ने वार्ड में विचरण करने वाले सुअरों से उतपन्न होने वाली समस्याओं के निराकरण की मांग का ज्ञापन सौपा । सांवरिया ने बताया कई बार सीएमओ को शिकायत की लेकिन समस्या का हल नही हुआ। सुअरों से पूरे क्षेत्र के नागरिक,किसान परेशान है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भरोसा दिया कि वे नपा को निर्देशित करेंगे। विधायक ने कई गांव के आए ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुना। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है। बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है।

बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे। विधायक कार्यालय से जानकारी देते हुए बताया की आज जनसुनवाई में आये ग्रामीणों ने ग्राम कजलास निवासी अम्बाराम जी द्वारा उनके निजी बोर को शासनाधीन कराने,ग्राम बड़ोदिया गाडरी में गल चौराहा पर चबुतरा निर्माण कराने,ग्राम दरखेड़ा पहाडी आश्रम पर एवं ग्राम जसमत में हेन्डपम्प स्थापित कराने,अलीपुर के वार्ड क्र 1 में पालतु सुअरों द्वारा गंदगी फैलाने एवं फसल को नुकसान पहुंचाने की समस्या से राहत दिलाने,मालवीय नगर वार्ड नं. 15 आष्टा में नाली निर्माण कराने, अलीपुर के विस्तारियापुरा वार्ड नं. 01 में नाली पर से अतिक्रमण हटवाने,प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किस्त प्रदाय कराने एवं नल कनेक्शन प्रदाय कराने झालीपीर क्षेत्र में,ग्राम कजलास से ढाबला तक डामरीकरण कराने,ग्राम चामसी में धर्मशाला हेतु भूमि उपलब्ध कराने,पारिवारिक विवाद से संबंधित समस्या के निराकरण कराने,अपात्र लोगों के बनाये गये बी.पी.एल. कार्ड की जांच कराने संबंधी ग्राम पंचायत लसुड़िया (खास) सड़क में बने है ये कार्ड, स्वास्थ्य लाभ हेतु आर्थिक सहायता प्रदाय कराने,उच्च अध्ययनरत हमारे विद्यार्थियो का छात्रवृति



दिलाने, उच्च अध्यनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय करने। सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है । विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गए।

# ओलावृष्टि से नुकसान का जायजा लेने पहुंचे चौहान

### प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान जावर ब्लॉक के विभिन्न ग्राम जिसमें प्रमुख स्माइल खेड़ी, भानाखेड़ी, बिलपान, मेहतवाड़ा आदि गांव में दौरा किया। ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया। सरकार को चेतावनी दी कि अगर किसान की फसल के नुकसान की भरपाई नहीं की गई तो क्षेत्र के किसान भाइयों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे। क्योंकि जावर तहसील के अधिकतर गांव में कुछ किसानों का 100 प्रतिशत नुकसान और अधिकतर किसानों का 70 प्रतिशत नुकसान हुआ है।

प्रदेश अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा की सरकार को राहत राशि तुरंत जारी करके बीमा कंपनियों को निर्देशित करके नुकसान की भरपाई तुरंत करना चाहिए क्योंकि बीमा कंपनियां किसान से प्रीमियम काटती है । इस अवसर पर क्षेत्र के बहुत बड़ी संख्या में किसान इकट्ठे हुए और अपनी समस्याएं बताई प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। और कांग्रेस पार्टी किसान के हर सुख दुख में उनके साथ खड़ी है।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कमल सिंह पहलवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश चौहान, चेतन सिंह ठाकुर सेमली बारी, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, ऋषि पटेल, गगन सिंह पटेल, मांगीलाल जैन, शोभाल सिंह ठाकुर ,हरिनारायण सिंह पटेल, रूप सिंह ठाकुर ,नाथू सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, हरपाल ठाकुर, करण भरेवा ,गुलाब सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह ठाकुर, पवन ठाकुर, सचिन ठाकुर, गोपाल सिंह ठाकुर ,पुष्पराज सिंह जादौन,आशीष गहलोत,भारत सिंह, राजेंद्र सिंह ठाकुर, जोगेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, धीरज सिंह, डॉक्टर दिनेश विश्वकर्मा, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, जीवन बगाना, कमल सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश राठौर, विनोद कुमार, राहुल ठाकुर ,अनार सिंह, शोभाल सिंह पहलवान, बलवान सिंह ठाकुर, अदनान हुसैन, विशाल आवले सम्मिलित हुए।

# श्री खाटू श्याम मंदिर समिति को विधायक ने हर संभव सहयोग व सेवा करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में खाटू श्याम बाबा के भक्तों की लंबे समय से मंदिर निर्माण की भावना अब मूर्त रूप ले रही है । आष्टा शुजालपुर मार्ग पर स्थित खाटू श्याम कॉलोनी में कामना सिद्धि श्री श्याम मंदिर के भक्तों की भावना अनुरुप कॉलोनी में भव्य बाबा खाटू श्याम जी का मंदिर निर्माण का कार्य बाबा के भक्तों द्वारा शुरू किया गया है । पिछले दिनों बाबा खाटू श्याम जी के भक्तों की एक बैठक मंदिर निर्माण स्थल पर हुई जिसमें आष्टा नगर के समाजसेवी खंडेलवाल परिवार के युवा सदस्य विजय खंडेलवाल को भक्तों द्वारा खाटू श्याम बाबा मंदिर निर्माण समिति एवं ट्रस्ट का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया ।

आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा विधायक कार्यालय पर बाबा खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के नव नियुक्त अध्यक्ष युवा समाजसेवी विजय खंडेलवाल एवं सभी भक्तों को आमंत्रित कर उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा खाटू श्याम मंदिर निर्माण समिति एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय खंडेलवाल का साफा बांध कर एवं रामनामी दुपट्टा पहना कर उनका स्वागत और सम्मान कर इस पुनीत कार्य का बीड़ा उठाने एवं अध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई दी । साथ ही खाटू श्याम बाबा मंदिर निर्माण एवं ट्रस्ट समिति के राजेश मेवाड़ा बिजोरी , अमन मेवाड़ा , हर्ष राठौर ( जय दुर्गे ) ,हर्ष राठौर ( विशाल ट्रेडर्स ), प्रकाश नायक,नाना सोनी जेपी नायक ,अमोद जैन. पप्पू लखेरा , विजय टेलर ,विजय सोनी, हंसूं सोनी, लोकेश परमार ( श्री नाथ ), नरेंद्र मेहता ( लखदातार ) ,लालू सोनी सुशील विश्वकर्मा सहित सभी भक्तों,सदस्यो का भी विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने रामनामी दुपट्टे पहना कर स्वागत किया । इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम मंदिर निर्माण एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर में बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि उनके लायक जब भी कोई कार्य हो वे हमेशा बाबा की सेवा के लिए तत्पर और समर्पित है ।

इस अवसर पर अध्यक्ष विजय खंडेलवाल ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को बाबा खाटू श्याम मंदिर निर्माण स्थल पर पधारने का निमंत्रण दिया जिसे विधायक ने स्वीकार करते हुए जल्द ही निर्माण स्थल का भ्रमण करने का उन्हें आश्वासन दिया । स्वागत सम्मान के शुभ अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# माथुर को खैरागढ़ यूनिवर्सिटी में मिला गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के संगीत आश्रम काशिप कला केंद्र की प्रशिक्षु रही चौताली माथुर ने अपने सुर ताल सौरभ से सभी को महकाते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की है। चौताली ने छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय से तबला से मास्टर डिग्री मे टॉप करके स्वर्ण पदक हासिल किया है ।

बीते दिनों छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने गणतंत्र दिवस समारोह में चौताली को स्वर्ण पदक प्रदान किया। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार सहित सभी मित्र परिजन और शुभचिंतकों ने संगीत गुरु राम श्रीवादी की शिष्या चौताली के सुयश और इस गौरव पूर्ण उपलब्धि पर प्रशन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। पूर्व नपाध्यक्ष श्री परमार ने बधाई देते हुए कहा कि चौताली की उपलब्धि सतत साधना का फल है इसमे संगीतज्ञ रामश्रीवादी की भूमिका है उन्होंने चौताली माथुर सहित नगर की अनेक प्रतिभाओं को निखारा है जो देश भर में नगर का नाम रोशन कर रहे हैं।



बताते चले कि कुमारी चौताली ने बचपन से ही अपनी संगीत रुचि को संगीत गुरु, राम श्रीवादी के प्रशिक्षण में कड़े रियाज के साथ निखारा और सुर संगीत के साथ ही शास्त्रीय नृत्य की लयकारी में भी प्रवीणता हासिल की। नगर के किला निवासी महेश माथुर और शिक्षिका नम्रता माथुर की बेटी चौताली के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार प्रभुप्रेमी संघ अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महासचिव प्रदीप प्रगति, कला प्रेमी संजय जैन किला अर्जुन सिंह अजय, शुभम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता द्वय सुरेंद्रसिंह परमार, वीरेंद्र सिंह परमार, अभिभाषकगण विशाल सोलंकी, पल्लव जैन प्रगति, शिवेंदु दसोदी, सुमित पटेल आदि ने शुभकामना व्यक्त कर बधाई दी है।

# राजपूत समाज की बैठक में शामिल हुए पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नर्मदा मैया के पावन प्रकट उत्सव नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर नेमावर धर्मशाला में सेंधव राजपूत क्षत्रिय समाज की बेठक आयोजित कि गई जिसमें मुख्य अतिथि आशीष शर्मा विधायक कन्नौद खातेगांव विधान सभा व विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सैंधव एंव देवनखेड़ी से अनार सिंह पड़ियार बाबा साहब,कांग्रेस के पुर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह कप्तान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कु.धर्मेन्द्र सिंह चौहान राष्ट्रीय अध्यक्ष सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज केन्द्रीय कमिटी उज्जैन ने की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अनार सिंह चौहान, चंद्रपाल सिंह दरबार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह सोनगरा, कृपाल सिंह अगेरा, पवन सिंह ओंकारेश्वर धर्मशाला अध्यक्ष, पवन सिंह पटेल सचिव, धर्मेन्द्र सिंह आमला ताज,नरेंद्र सिंह, जीवन सिंह



ठाकुर, कुमेर सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र सिंह , जितेन्द्र सिंह राणाजी आदि व खातेगाँव विधानसभा में निवासरत सामाजिक बंधु हर गाँव से प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे।

नेमावर धर्मशाला कार्यालय का शुभारंभ बाबासाहब अनार सिंह पडियार द्वारा दुवारा किया गया। तथा सभी क्षेत्रवासी व ट्रस्टियों के आग्रह पर क्षेत्रीय विधायक आशीष शर्मा द्वारा धर्मशाला टीनशेड हेतु 10 लाख रुपया की राशि की घोषणा की गई। सेंधव राजपूत क्षत्रिय समाज के सामाजिक ट्रस्ट उज्जैन के लगभग सभी पदाधिकारियों ने भांग लिया। बेठक में संचालन चेतन सिंह ने व आभार नेमावर धर्मशाला अध्यक्ष रवींद्र सिंह दरबार ने व्यक्त किया उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी केंद्रीय कमेटी उज्जैन गोपाल ठाकुर भंवरी कलाँ ने दी।

# युवती ने किया प्रेम विवाह, आदिवासी समाजजनों ने घेर लिया बागली थाना

**चापड़ा ।** बागली थाना अंतर्गत अंतर्जातीय प्रेम विवाह पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती पूर्ण रहा। मंगलवार शाम शुरू हुआ हंगामा 24 घंटों के बाद बुधवार को थमा। जब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली। आदिवासी समाज की एक युवती के साथ बागली नगर के एक युवक द्वारा प्रेम विवाह करने से नाराज आदिवासी समाजजनों ने मंगलवार देर शाम बागली थाने का घेराव कर दिया था। 21 जनवरी को युवती व युवक ने सामाजिक एवं कानूनी रूप में प्रेम विवाह कर लिया था। 26 जनवरी को युवती अपने एडवोकेट के साथ थाना बागली पहुंची, जहां पर अपने बयान दर्ज कराएं, जिसके बाद भी हंगामा हुआ था। युवती को लेकर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की आदिवासी युवती इंदौर में रहती है, उसने बागली के एक शासकीय शिक्षक के पुत्र से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया। मामले में पुलिस ने युवती के बयान भी पिछले दिनों दर्ज किए। वहीं इस मामले को लेकर मंगलवार शाम करीब 7 बजे युवती के रिश्तेदार व समाजजन बड़ी संख्या में बागली पहुंचे और युवक के घर के बाहर एकत्रित होकर हंगामा करने लगे। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश दी। इसके बाद सभी बागली थाने पहुंचकर थाने का घेराव कर दिया। युवती के परिजनों की मांग है कि हम लड़की को लेकर जाएंगे। उधर हालात को देखते हुए युवक के घर सहित अन्य स्थानों पर पुलिस तैनात की गई है। बुधवार सुबह से ही बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग बागली में एकत्रित हुए और लड़की को वापस परिजनों के सुपुर्द करने कि मांग करने लगे। सुबह से ही बरोठा, भौरासा, हाटपीपल्या, उदयनगर, कांटाफोड़, नेमावर सहित अन्य थानों व देवास से भी पुलिस बल बागली पहुंचा। बागली छावनी में तब्दील हो गया।

### भारत माता उद्यान में सजीव होगी गुरु तेगबहादुर की बलिदानी गाथा

# मां भारती की प्रतिमा और सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के स्टेशन रोड़ क्षेत्र स्थित वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत आदर्शनगर में नवनिर्मित भारत माता उद्यान में गुरु तेगबहादुर के बलिदान की अमर गाथा सजीव होगी। आदर्शनगर में नवनिर्मित उद्यान में तीन शेरों पर सवार,भगवा ध्वज थामे हुए, पृथ्वी पर आसन्न भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गई है।वार्ड क्र. 32 के पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष, ऊर्जावान भाजपा नेता राजेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, अजय तोमर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा एक विशाल एवं गरिमामय कार्यक्रम में भारत माता की मनमोहक प्रतिमा का अनावरण किया गया।

गुरु तेगबहादुर सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम वार्ड पार्षद निधि प्रवीण वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। वार्ड की समस्त मोहल्ला समितियों ने सांसद सोलंकी का



स्वागत कर सांसद निधि से वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। उद्यान में स्वास्थ्य पथ एक्यूप्रेशर ट्रैक, ओपन जीम, झूले इत्यादि जनहितैषी संसाधन भी लगाए गए हैं। इस अवसर पर गुरु तेगबहादुर भवन के अंदर उनके जीवन पर निर्मित प्रदर्शनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बनी भव्य रंगोली को लोकार्पित किया गया। पूर्व जिला महामंत्री पंकज वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अतिथि उद्बोधन में वार्ड में विराजित भारत माता, गुरु तेग बहादुर भवन, अन्य विकास कार्यों हेतु पार्षद निधि प्रवीण वर्मा की। उन्होंने वार्ड 32 में किसी भी प्रकार के नशा, जुआ, सट्टा इत्यादि अवैध आपराधिक कार्यों के उन्मूलन पर भी पार्षद की सराहना की। भारत माता उद्यान में प्रतिमा अनावरण एवं गुरु तेगबहादुर सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में 1000 दीपकों से भारत माता की भावविभोर करने वाली विशाल जगमग आरती की गई। समरसता भोज भी आयोजित किया। अतिथि पार्षद अजय तोमर ने अपने उद्बोधन में वार्डवासियों को एक विकासशील पार्षद के चुनाव पर को चुनने की बधाई दी। जिला महामंत्री राजेश यादव ने वार्ड के विकास कार्यों पर शुभकामना प्रकट की। भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने वार्ड क्र. में संपादित समग्र विकास कार्यों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं पार्षद की सक्रियता से संपन्न हो रहे ट्रिपल इंजन का सुपरिणाम करार दिया। आभार पार्षद निधि प्रवीन वर्मा ने माना। कार्यक्रम के पश्चात वार्ड की संस्था शिवाय के सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों को भारत माता की सुंदर, मनमोहक प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में भाजपा नेता शंभू अग्रवाल, इतिहासकार दिलीप जाधव, अजीत भल्ला, पार्षद संजय दायमा, सोनू परमार, खुशबु निलेश वर्मा, ऋतु सावनेर, सहित गुरुसिंह सभा कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# निर्णयः शोभायात्रा के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन भी होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सृष्टि के रचयिता, देव शिल्पी भगवान श्री विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आष्टा नगर में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। विश्वकर्मा समाज आष्टा, जावर द्वारा आयोजित यह महोत्सव 31 जनवरी 2026, शनिवार को धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ सम्पन्न होगा। प्रातः 7 बजे, श्री विश्वकर्मा, राधाकृष्ण मंदिर बुधवारा आष्टा पर भगवान श्री विश्वकर्मा जी की महाआरती की जावेगी तथा प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात मंदिर परिसर से भगवान विश्वकर्मा जी की आकर्षक झांकी, ढोल, बैंड-बाजों एवं जयघोष के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा में युवा संगठन समिति, मुख्य समाज समिति एवं बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित होंगे। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पाड़लिया रोड (कन्नोद रोड़), वैष्णवी नगर के पास स्थित विश्वकर्मा समाज धर्मशाला स्थल पर पहुँचेगी। विश्वकर्मा धर्मशाला स्थल पर विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं अविवाहित युवक, युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित होगा साथ ही समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं समाज सेवा मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रबुद्ध जनों का सम्मान व पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

कार्यक्रम में पधारने वाले अतिथियों का समाज समिति द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत एवं सत्कार किया जाएगा। आयोजन की जानकारी देते हुए समाज समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा तथा उत्सव समिति अध्यक्ष मेहरबान विश्वकर्मा ने समाज के सभी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।